भारत सरकार
संस्कृति मंत्रालय
लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्याः 3468
उत्तर देने की तारीख: सोमवार, 10 अगस्त, 2026
19 श्रावण,1948 (शक)

कलाकृतियों और पुरावशेषों को वापस लाना

3468. **डॉ. टी. सुमति उर्फ तामिझाची थंगापंडियनः**

क्या **संस्कृति** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार ने विगत दो सदियों के दौरान संयुक्त राज्य अमेरिका, ऑस्ट्रेलिया, ब्रिटेन और नीदरलैंड्स द्वारा भारत से चुराई गई 610 कलाकृतियों को वापस प्राप्त कर लिया है और यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;
(ख) क्या कोहिनूर हीरा, अमरावती मार्बल्स और कई मध्ययुगीन मूर्तियों, प्रतीकों और शिलालेखों जैसे कई प्राचीन खजाने अभी भी अन्य देशों से भारत में वापस लाए जाने बाकी हैं और यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इसके क्या कारण हैं; और
(ग) क्या संस्कृति मंत्रालय और भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण के पास भारत से चुराई गई और अन्य देशों के विभिन्न संग्रहालयों में रखी गई तथा अभी तक भारत वापस नहीं लाई गई पुरावशेषों की सूची का कोई डेटा है और यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा और वर्तमान स्थिति क्या है?

उत्तर
संस्कृति और पर्यटन मंत्री
(श्री गजेन्द्र सिंह शेखावत)

(क):पुनःप्राप्त किए गए पुरावशेषों की देश-वार सूची अनुबंध-I में दी गई है।

(ख):सरकार औपनिवेशिक काल के दौरान विदेशों में लेजाईगई पुरावशेषोंके मुद्दे को विभिन्न मंचों पर उठाती है।राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय कन्वेशनों/विधानों को ध्यान में रखते हुए, मामले-दर-मामले केआधार परइनकेपुनःप्राप्ति की प्रक्रिया शुरू की जाती है। दोनों देश की सरकारों के बीच आपसी सहमति के बाद पुरावशेषों की पुनःप्राप्ति की जाती है।

(ग):विश्वभर के कई संग्रहालयों और कला दीर्घाओं में भारतीय पुरावशेष मौजूद हैं। तथापि, ऐसी कोई सूची उपलब्ध नहीं है, लेकिन जब भी(विदेशमें) भारतीय मूल के किसी भी अवैध रूप से निर्यात किए गए पुरावशेष की सूचना मिलती है, तो इसकी पुनःप्राप्ति के लिए भारतीय मिशन के माध्यम से आवश्यक कार्रवाई शुरू की जाती है।

अनुबंध-I

लोक सभा में दिनांक 10.08.2026 को उत्तरार्थ अतारांकित प्रश्न संख्या 3468 के भाग (क) के उत्तर में संदर्भित अनुबंध

संयुक्त राज्य अमेरिका, ऑस्ट्रेलिया, ब्रिटेन और नीदरलैंड से पुनःप्राप्त किए गए पुरावशेषों का विवरण

क्र.सं.	देश	पुरावशेषों की संख्या
1.	ऑस्ट्रेलिया	51
2.	नीदरलैंड	01
3.	यूनाइटेड किंगडम	21
4.	संयुक्त राज्य अमेरिका	589
		662

*इसके अलावा, संयुक्त राज्य अमेरिका से 657 वस्तुओं की एक खेप प्राप्त हुई है।इसके परिणामस्वरूप, पुनःप्राप्त किए गए पुरावशेषों की संख्या में काफी वृद्धि होगी।

*****